# बेटों के गले लिपट गई गुजरात से गुमशुदा हुई महिला



गिलौला थाने में बेटों के साथ मौजूद घर से बिछड़ी गुजरात राज्य की महिला ● जागरण

**संसू, जागरण ● श्रावस्ती :** गुजरात राज्य से पांच माह पूर्व भटक कर श्रावस्ती जिले के भड़ौरा गांव पहुंची महिला को पुलिस व मिशन शक्ति टीम ने सकुशल बरामद कर लिया। इंटरनेट मीडिया के माध्यम से पुलिस ने महिला के परिवार की तलाश की। मंगलवार को थाने में पहुंचे बेटों को देख महिला भावुक होकर उनके गले से लिपट गई। पुलिस ने औपचारिकता पूरी करने के बाद महिला को बेटों को सौंप दिया।

एसपी राहुल भाटी ने बताया कि तीन जनवरी को गिलौला क्षेत्र के मीरामऊ ग्राम पंचायत की प्रधान नूर बानो के पति सद्दाम ने पुलिस को जानकारी दी कि भड़ौरा गांव में अज्ञात महिला घूम रही है, जो स्थानीय नहीं है। गिलौला पुलिस व मिशन शक्ति टीम पहुंची। महिला देखने में मानसिक रूप से अस्वस्थ लग रही थी। पूछताछ में महिला ने खुद को गुजरात राज्य का होना बताया। भटकते हुए पैदल यहां तक पहुंचने की बात कही। चिकित्सकीय परीक्षण के बाद उसे वन स्टाप सेंटर भिनगा भेजा गया। इंटरनेट मीडिया के माध्यम से संबंधित थाने से महिला की पहचान कराई गई। गांव के सरपंच को फोटो व नाम पता भेजकर परिवार की खोज कराई। सरपंच से पता चला कि महिला करीब पांच माह पूर्व घर से निकली थी और मानसिक मंदित है। मंगलवार को गुजरात राज्य के छोटा उदयपुर जिले के रंगपुर क्षेत्र के गुनाटा निवासी महिला के बेटे रमेश व जयेश गिलौला थाने में पहुंचे। महिला ने बेटों की पहचान की। बेटों ने मां को सकुशल पाकर पुलिस को धन्यवाद दिया। पुलिस टीम में गिलौला थानाध्यक्ष आशीष कुमार, महिला उपनिरीक्षक मीनामणि त्रिपाठी, अजय सिंह, मुख्य आरक्षी कमलेश गिरी, उपेंद्र साहनी, महिला आरक्षी सोनी राजपूत, जूली देवी शामिल रहे।